श्री रामबली सिंह यादव, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या–त्र–04 से उद्भूत आश्वासन संख्या–1402/24 का अद्यतन कार्यान्वयन प्रतिवेदन।

	प्रश्न	आश्वासन	अद्यतन कार्यान्वयन प्रतिवेदन
	क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :–		
1	क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के उदेरा स्थान बराज से निकलने वाली माधोपुर ब्राँच नहर का वर्षों पूर्व से आधा अधुरा निर्माण कार्य कराकर बंद कर दिया गया है जिससे उक्त नहर से आजतक सिंचाई कार्य शुरू नहीं कराया जा सका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अधूरे निर्मित नहर का निर्माण कार्य कबतक पुरा कराते हुए माधोपुर तक सिंचाई हेतु पानी पहुंचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?	महोदय, हमने तो कहा है कि पानी अभी भी जा रहा है। अस्थाई ह्यूग पाईप आउटलेट बनाया गया है, जिससे पानी जा रहा है और सरकार तो मुस्तैद है कि जो नहर प्रणाली है उसमें लाईनिंग का काम करा देगी। मतलब उसको पक्का करा देगी, लेकिन उसमें अवरोध हो रहा है। इसलिए तो आपसे अनुरोध कर रहे है कि आपका इलाका है, वहां सहयोग कीजिए, हमलोग पक्का स्ट्रक्चर भी बना देगें, लाईनिंग भी करा देगें और अंतिम छोर तक पूर्ण मात्रा में पानी उपलब्ध करा देगें।	उदेरास्थान बराज से निःसृत माधोपुर ब्रांच कैनाल बायां मुख्य नहर के चैन सं०–0.25 कि०मी० आउटलेट का मरम्मति एवं Face Wall निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। उल्लेखनीय है कि माधोपुर नहर की कुल लंबाई 10.5 Km है तथा इसमें से विभिन्न बिन्दुओं पर 5.5 Km में लाइनिंग का कार्य एवं 6.47 Km में मिट्टी का खुदाई कार्य किया गया था। इस नहर के अवशेष लम्बाई में पक्कीकरण का कार्य रैयती भूमि एवं ग्रामीणों के विरोध के कारण बंद करा दिया गया। उक्त के क्रम में क्षेत्रीय पदाधिकारी द्वारा माधोपुर नहर का सीमांकन हेतु अंचलाधिकारी, घोषी/मखदुमपुर से अनुरोध किया गया। अंचलाधिकारी द्वारा कुछ भाग का सीमांकन कार्य किया गया, जिसका सीमांकन प्रतिवेदन अप्राप्त है। पुनः क्षेत्रीय पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी, घोषी/मखदुमपुर से सीमांकन प्रतिवेदन की मांग की गई है। वर्तमान में नहर जहां तक निर्मित है वहां तक पटवन कार्य किया जा रहा है।

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–07–13 / 2024 पटना / दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना का पत्रांक–139 दिनांक–05.02.2025 के आलोक में तारांकित प्रश्न सं0–67 (त्र–04) से उदभूत् आश्वासन सं0–1402 / 24 का अनुमोदित अद्यतन कार्यान्वयन प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–07–13 / 2024 पटना / दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–07–13 / 2024 पटना / दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0 अंचल–03, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–07–13 / 2024 5950 पटना / दिनांक :.....12/10/2026

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, आई0टी0 ~~सेन्टर~~, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9/10/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव